# भोले जी ओ भोले जी | By Rajan Mor |

भोले जी ओ भोले जी
गौरा पति ओ भोले जी
पीके तेरी भांगिया मेरा
देखो तन मन डोले जी
भोले जी ओ भोले जी
गौरा पति ओ भोले जी

लाखों दुखिया द्वार पे तेरे
शाम सबेरे जपते हैं माला
जीवन में होता उनके उजाला
शाम सबेरे तेरे नाम का
सिमरन करूँ मैं भोले जी
भोले जी ओ भोले जी
गौरा पति ओ भोले जी

गले में तेरे सर्प विराजे
माथे पे तेरे चंदा चमके
तेरी अद्भुत छवि निराली
जादू जगाए धूनी राम के
कृपालु ओ कृपालु
भोले मेरे कृपालु
हम पे दया बरसाना जी
भोले जी ओ भोले जी
गौरा पति ओ भोले जी

तेरी पूजा कुछ न जानूँ
भक्त अनाड़ी कहती है दुनिया
लिखता रहेगा भजन तुम्हारे
राजा गोहर सारी उमरिया
ग़मो ने जब-जब घेरा है
तूने संभाला भोले जी
भोले जी ओ भोले जी
गौरा पति ओ भोले जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%93-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a5%80-by-rajan-mor-2/